मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 43 ■ अंक : 24 ■ रविवार, 30 मार्च 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A.

Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

सवाल पर इरिटेट हुईं पलक तिवारी

# चलती लोकल ट्रेन के डिब्बे में लगी आग



## ■ मुंबई लोकल ट्रेन यातायात बाधित
## ■ यात्रियों में दहशत

उल्हासनगर. उल्हासनगर स्टेशन के पास एक लोकल कोच में आग लगने की घटना सामने आई है। इससे रेल सेवाएं बाधित हुईं। इससे यात्रियों में दहशत फैल गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर 12 बजे उल्हासनगर रेलवे स्टेशन के पास एक लोकल ट्रेन के माल डिब्बे में अचानक आग लग गई, जिससे कुछ समय के लिए ट्रेन सेवाएं बाधित रहीं। ऐसा माना जा रहा है कि आग किसी यात्री द्वारा छोड़े गए सामान के कारण लगी। सौभाग्य से रेलवे कर्मचारियों की तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। इस प्रकार, एक बड़ी आपदा टल गई।

रेलवे प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार कल्याण से सीएसएमटी जा रही लोकल ट्रेन के माल डिब्बे में धुआं देखा गया। कुछ ही क्षणों में आग की लपटें उठने लगीं। इससे यात्रियों में दहशत फैल गई। स्टेशन पर मौजूद रेलवे कर्मचारियों और यात्रियों ने इसे देखा और तुरंत रेलवे सुरक्षा बल और अग्निशमन विभाग को सूचित किया। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे कर्मचारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। अग्निशमन यंत्रों की मदद से आग पर काबू पाया गया। करीब 15 मिनट की मशक्कत के बाद आग पूरी तरह बुझ गई। सौभाग्यवश इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। हालाँकि, कुछ सामान जल गया। इस घटना के कारण कुछ समय के लिए रेल सेवाएं बाधित रहीं। लोकल ट्रेन को लगभग 15 से 20 मिनट तक रोकना पड़ा, जिससे यात्रियों को कुछ असुविधा हुई। हालांकि, आग पूरी तरह बुझ जाने और कोच का निरीक्षण करने के बाद ही लोकल ट्रेन को रवाना किया गया। हालाँकि, इस घटना से मध्य रेलवे प्रभावित हुआ है।

# चेटीचंड पर मची महाबाइक रैली की धूम





**उल्हासनगर की सड़कों पर रही झूलेलाल साईं के भक्तों की धूम**

**उल्हासनगर-1 से 5 तक सिंधी समाज ने दिया एकता का संदेश**

**युवाओं में दिखा भारी उत्साह जय झूलेलाल के उद्घोष से मची**

**हर चौराहों पर हुआ लाई साईं के भक्तों का स्वागत**

**भीषण गर्मी भी नहीं रोक पाई भक्तों का उत्साह**











**उल्हासनगर।** उल्हासनगर में सिंधी समाज के महापर्व चेटीचंड पर शहर में सबसे बड़ी महाबाईक रैली निकाली गई। हर वर्ष इस महाबाइक रैली का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष शनिवार 29 मार्च 2025 को सुबह 10 बजे से उल्हासनगर-1 स्थित रिजेंसी एंटीलिया में बहराणा साहिब की ज्योत प्रज्वलित कर इसकी शुरुआत होती है। भाऊ लीलाराम मंडली द्वारा यहां पर पूजा अर्चना के बाद गीत संगीत का कार्यक्रम रखा गया। महाबाईक रैली के सदस्य महेश सुखरामानी, शंकर लालवानी, भारत गंगोत्री, अनिल बठिजा, हीरो बोधा, जयराम खत्री व सोनू विशनानी रैली में शामिल होने आए भगवान झूलेलाल साईं के भक्तों के लिए पूरी व्यवस्था की गई थी। सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई यह महाबाइक रैली उल्हासनगर-5 कैलाश कालोनी तक दोपहर 1.30 बजे समाप्त हुई। इस रैली से पूर्व बहराणा साहिब कार्यक्रम में दीपक वाटवानी ग्रुप द्वारा सिंधी समाज के प्रति संदेश दिया गया और साथ ही सिंधी गायक करण जनानी व राज माखीजा द्वारा अपना एल्बम भी रिलीज किया गया। आए हुए झूलेलाल के भक्तों ने लाल साईं का प्रसाद ग्रहण किया और महाबाइक रैली की शुरुआत हुई। इस रैली में एडवोकेट ग्रुप से सोनवणे सर, पवन रोहड़ा, राज चांडवानी, श्रृष्टि चुग, जीतू मुखी, हीना मैडम आदि शामिल हुए। व्यापारी अध्यक्ष जगदीश तेजवानी, पप्पू बहरानी, विकी इसरानी, नरेश दुर्गानी, रोशन पुरस्वानी, विजय खटवानी, बंटी खुरसेजा, राजेश अमरनानी, मनसे नेता बंडू देशमुख आदि शामिल हुए। विधायक कुमार आयलानी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी, जमनू पुरस्वानी भी बहराणा साहिब में शामिल हुए। महिलाओं व युवाओं की एक बड़ी टीम इस रैली की अगुवाई करती हुए नजर आए। जहां उल्हासनगर-1 से 5 तक झूलेलाल जयकारा के उद्घोष करते हुए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने धूम मचाई। उल्हासनगर-1 से 5 तक प्रमुख चौराहों पर रैली का स्वागत करने व्यापारी रुके हुए थे। करीब 40 डिग्री की गर्मी में भी युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था। गर्मी में व्यापारियों ने रैली में शामिल श्रद्धालुओं ने ठंड पेय, सोडा, जूस व प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। ट्रैफिक व पुलिस का अच्छा बंदोबस्त रहा। इस रैली में शामिल हुए सैकड़ों भक्तों का आभार कमिटी के सदस्यों ने प्रकट किया है।

# सिंधी नववर्ष पर आज निकलेगी चेटीचंड महायात्रा



**उल्हासनगर.** पिछले 18 वर्षों से सिंधी समाज के नववर्ष चेटीचंड पर ऐतिहासिक चेटीचंड महायात्रा का आयोजन उल्हासनगर-2 भाऊ परसराम झूलेलाल मंदिर से उल्हासनगर-5 चालीहा साहिब झूलेलाल मंदिर तक बड़े जुलूस के साथ निकाली जाती है। इस जुलूस में शामिल होने अन्य शहरों से भी सिंधी श्रद्धालु शामिल हुए हैं।

चेटीचंड महायात्रा समिति के सदस्यों ने कहा कि इस बार पहले से भी भव्य जुलूस निकाले जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज रविवार 30 मार्च 2025 को सुबह 11 से से यह यात्रा शहर के प्रमुख सड़कों से शुरू होगी और करीब 12 घंटे का सफर तय करते हुए इसका समापन होता है। जिसमें हजारों की संख्या में लाल साईं के भक्त झूलेलाल जयकारा के उद्घोष करते हैं। इस महायात्रा में सभी संत, व्यापारी, महिलाएं, कलाकार बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। कलाकारों द्वारा भी इस महायात्रा के जुलूस में विभिन्न झांकियां बनाई जाती है जो हर वर्ष आकर्षण का केंद्र रहती है।

# पूर्व DCP सुधाकर पाठारे का दुर्घटना में निधन

## ■ देवदर्शन के लिए जाते समय कार की ट्रक से टक्कर होने से मौके पर ही मौत





**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के पूर्व उपायुक्त आईपीएस सुधाकर पठारे की एक दुर्घटना में मौत हो गई है। जब वह तेलंगाना के श्रीशैलम से नागरकुरलुन जा रहे थे. जिस कार में सुधाकर पठारे यात्रा कर रहे थे उसकी एक ट्रक से टक्कर हो गई, जिसके परिणामस्वरूप यह दुर्घटना हुई। सुधाकर पठारे 2011 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। सुधाकर पठारे की दुर्घटना से महाराष्ट्र पुलिस बल में शोक की लहर है। सुधाकर पठारे वर्तमान में मुंबई पुलिस में पोर्ट जोन के डीसीपी के पद पर कार्यरत थे। सुधाकर पठारे प्रशिक्षण के लिए हैदराबाद गए थे। यह दुर्घटना उस समय हुई जब वह अपने एक रिश्तेदार के साथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने जा रहे थे। इस दुर्घटना में सुधाकर पठारे के साथ उनके रिश्तेदार की भी मौत हो गई। इस बीच, तेलंगाना पुलिस ने मुंबई पुलिस को इस घटना की जानकारी दे दी है।

### कई स्थानों पर दी सेवा

उन्होंने चंद्रपुर, वसई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और सीआईडी अमरावती में पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्य किया है। उन्होंने मुंबई, ठाणे, पुणे, वाशी, नवी मुंबई और ठाणे शहर में पुलिस उपायुक्त के रूप में कार्य किया है। एसपी डॉ. सुधाकर पठारे ने पुलिस विभाग में सेवा करते हुए संगठित अपराध (एमओसीसीए), तस्करी और एमपीडीए के खिलाफ कई निवारक उपाय शुरू किए थे। कानून और व्यवस्था बनाए रखने के अलावा, उन्होंने पुलिस बल के भीतर कई अलग-अलग पहलों को लागू किया है। सुधाकर पठारे की मौत से पूरे महाराष्ट्र पुलिस बल में शोक फैल गया है।

# उल्हासनगर से दो महिला बांग्लादेशी हिरासत में

## ■ विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन क्षेत्र में कार्रवाई
## ■ फर्जी दस्तावेज बरामद
## ■ शरण देने वालों की तलाश



**उल्हासनगर.** पुलिस ने उल्हासनगर से दो बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। दोनों बांग्लादेशी नागरिक उल्हासनगर कैंप 4 में अवैध रूप से रह रहे थे। ठाणे शहर की अपराध शाखा के अनैतिक मानव तस्करी रोकथाम प्रभाग की एक टीम विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर बांग्लादेशी नागरिकों की तलाश कर रही थी। तलाशी के दौरान उन्हें दो महिलाओं पर संदेह हुआ और जब उन्हें हिरासत में लिया गया तो उनके पास से फर्जी दस्तावेज बरामद हुए। ये दोनों महिलाएं अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के बाद कुछ समय से यहां रह रही थीं। इन दो बांग्लादेशी नागरिकों को उल्हासनगर कैंप 4 के अंबिकानगर और समता कॉलोनी से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम राबिया खान और हसीना बेगम हैं। राबिया समता कॉलोनी में रहती थी जबकि हसीना स्टेशन के पास अंबिका नगर में रहती थी। पुलिस हसीना और राबिया को शरण देने वाले उत्तम पाटिल और सुनील पाल की तलाश कर रही है। विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पडवाल ने उल्हासनगर शहर के नागरिकों को चुनौती दी है कि वे किसी को भी अपना घर किराए पर देने से पहले पुलिस स्टेशन को किरायेदारों का पूरा विवरण बताएं और संबंधित व्यक्ति का पूरा सत्यापन प्रस्तुत करने के बाद ही अपना कमरा दूसरे व्यक्ति को किराए पर दें।

## खाड़ी में अवैध रेत खनन के खिलाफ कार्रवाई

**ठाणे.** राजस्व विभाग की टीम ने मुंब्रा एवं कल्याण के बीच खाड़ी में 2 सक्शन पंप एवं 1 बार्ज को समूल नष्ट किया. फ़्लाइंग स्काट की टीम शनिवार को सुबह मुंब्रा से मोठागाव के बीच गस्त कर रही थी तभी खाड़ी में एक अवैध रेत खनन नाव और दो सक्शन पंप दिखाई दिए. फ़्लाइंग स्काट की टीम ने तुरंत नाव को जब्त कर लिया और सेक्शन पंप को मौके पर ही खाड़ी में डुबो दिया. एक अन्य नाव को जब्त कर लिया गया तथा नाव के खिलाफ कार्रवाई की गई. इस कार्रवाई के दौरान ठाणे राजस्व टीम, मेरीटाईन बोर्ड और वन कर्मी शामिल थे. इस कार्रवाई में 15 लाख रुपये की संपत्ति नष्ट कर दी गई.

# अंबरनाथ ईदगाह मैदान में ईद-उल-फितर की तीन जमात होगी

## ■ मुस्लिम जमात द्वारा की गई घोषणा

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में ईद की नमाज हजरत गैबन शाह वली ईदगाह मैदान में तीन जमात के साथ होगी. इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए मुस्लिम जमात अध्यक्ष सलीम चौधरी ने बताया कि अगर रमजान के 29 रोजे हुए तो रमजान ईद की नमाज सोमवार को होगी. सुबह 7, 8 और 9 बजे जमात होगी. पहली जमात मदीना मस्जिद के इमाम मौलाना जहीर बरकाती दूसरी जमात 8 बजे दर्गा मस्जिद के इमाम मौलाना नौशाद रजा साहेब और तीसरी जमात जामा मस्जिद के इमाम मौलाना अमीन रजा 9 बजे पढाएंगे. नमाज को आने वाले मुस्लिमों से अपील की गई है कि वह घर से वजू करके और जानमाज़ साथ में लेकर आएं. इस वर्ष फितरे की रकम एक व्यक्ति 80 रुपए रखी गई है. शहर की अन्य मस्जिदों, मक्का मस्जिद, कादरी मस्जिद एवं अहले हदीस जमात की ओर से ईद-उल-फितर की नमाज अदा की जाएगी. जरूरतमंदों में फितरे की रकम तकसीम किए जाने की घोषणा भी मुस्लिम जमात की तरफ से की गई है. सोमवार को ईद-उल-फितर नमाज पर पुलिस का कड़ा बंदोबस्त रखा गया है. मुस्लिम जमात की ओर से ईद की नमाज के बाद मुस्लिमों को बधाई देने के लिए आने वाले नेताओं, अतिथियों का स्वागत किया जाता है. उसके लिए स्वागत कक्ष भी बनाया गया है.



**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास

## संपादकीय

## पत्रकारों पर बढ़ती सख्ती

एक लोकतांत्रिक देश के संघीय ढांचे की अहम पहचान है सवाल पूछना और अभिव्यक्ति की आजादी। नागरिकों की आवाज को समाचार में जगह देना पत्रकार का दायित्व होता है। अगर वह सच्चाई सामने नहीं लाएगा, जनता की परेशानियों तथा उनकी नाराजगी को सामने नहीं रखेगा, तो पत्रकारिता अपना मूल उद्देश्य खो देगी। लेकिन आलम यह है कि शासन तंत्र अपने खिलाफ कोई भी स्वर नहीं सुनना चाहता। इसकी बानगी गुवाहाटी में देखने को मिली, जहां एक सहकारी बैंक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान वित्तीय अनियमितताओं को लेकर सवाल पूछने वाले पत्रकार को गिरफ्तार कर लिया गया।

हालांकि बाद में एक अदालत ने पत्रकार को जमानत दे दी। उस बैंक में अहम पदों पर सत्ता से जुड़े रसूखदार लोग काबिज हैं और वह पत्रकार वहां चल रही अनियमितताओं को लेकर लगातार अपने समाचार पोर्टल पर लिख रहा था। हालांकि इस संबंध में पुलिस का कहना है कि उस पत्रकार ने जनजातीय समुदाय के एक व्यक्ति के खिलाफ जातिवादी टिप्पणियां की थी।

व्यवस्था के विरोध में जनता के लिए लिखने वाले पत्रकारों के प्रति शासन की असहिष्णुता की खबरें अक्सर सामने आती हैं। लेकिन ऐसी स्थिति में कोई पत्रकार कैसे अपनी जिम्मेदारी निभा पाएगा। तमाम वैश्विक एजंसियां भारत में प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर सवाल उठा रही हैं। यह खेदजनक है कि प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत लगातार नीचे खिसक रहा है। 180 देशों में भारत वर्तमान में 159वें स्थान पर है। वर्ष 2003 से ही भारत का प्रदर्शन खराब आंका जा रहा है।

सूचकांक के अनुसार, भारत में प्रेस की स्वतंत्रता को कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्रों, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्किये और रूस के बराबर माना जा रहा है। ब्रिक्स देशों में ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका को भारत की तुलना में ज्यादा स्वतंत्रता प्राप्त है, जबकि चीन और रूस निचले पायदान पर हैं। दक्षिण एशियाई देशों में, बांग्लादेश को छोड़कर अन्य सभी देश नवीनतम सूची में भारत से बेहतर स्थान पर हैं। हमें सोचना होगा कि हम कहां खड़े हैं। लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने वाले इस अहम कारक की ओर ध्यान देना होगा कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता ही है जो भारत के लोकतंत्र को मजबूत करती है।

# टैरिफ वार से मुकाबले को तैयार भारत

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति ने दुनिया में बहुराष्ट्रीय व्यापार समझौतों के समक्ष नई चुनौती पेश कर दी है। इससे पार पाने के लिए द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का जो नया दौर शुरू हुआ है, उसमें भारत सबसे आगे है। भारत की इस नई व्यापार रणनीति में कुछ महत्वपूर्ण बातें दिखाई दे रही हैं। पहली, अब लंबे समय तक व्यापार वार्ता चलाने के बजाय व्यापार वार्ता शीघ्रतापूर्वक पूरी की जाए। दूसरी, व्यापार वार्ता के तहत मुख्य कारोबारी मुद्दों जैसे शुल्क, गैर शुल्क बाधाओं पर शुरुआत में ही प्राथमिकता के साथ मंथन किया जाए। तीसरी, व्यापार वार्ता में भारत के लिए सिरमौर बने हुए सेवा निर्यात के साथ-साथ इलेक्ट्रानिक्स, केमिकल्स और आटोमोटिव सेक्टर को विशेष रूप से शामिल कराने पर ध्यान दिया जाए। इससे वैश्विक वैल्यू चेन में भी भारत की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ती हुई दिखाई देगी, जो अभी सिर्फ 3.3 प्रतिशत है।

हाल में न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन भारत आए थे। उनकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बैठक में दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने, विशेष रूप से व्यापार, कृषि, शिक्षा, सेवा क्षेत्र, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र से जुड़े कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए। पिछले 10 वर्षों से धीरे-धीरे आगे बढ़ रही भारत-न्यूजीलैंड व्यापार वार्ता को अब महज 60 दिन में पूर्ण करना सुनिश्चित किया गया है। भारत ने अमेरिका से टैरिफ को लेकर वार्ता तेज कर दी है। इसी सिलसिले में




अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि इस समय भारत दौरे पर हैं।

विगत दिनों प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय आयोग (ईयू) की प्रेसिडेंट उर्सला वोन लेयेन ने भी दोनों पक्षों के बीच कारोबार एवं आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए मुक्त व्यापार समझौते को लेकर जारी किंतु-परंतु को पूरी तरह समाप्त कर दिया। दोनों नेताओं ने इस बारे में अपने संबंधित मंत्रालयों को निर्देश दिया कि दोनों पक्षों के हितों के मुताबिक भारत-ईयू व्यापार समझौते पर इस वर्ष के अंत तक मुहर लगाई जाए। इसी तरह प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप के बीच हुई वार्ता के दौरान भारत-अमेरिकी द्विपक्षीय कारोबार को वर्ष 2030 तक 500 अरब डालर करने का लक्ष्य रखा गया। पिछले माह ब्रिटेन के कारोबार मंत्री जोनाथन रेनाल्ड्स ने भी कहा कि भारत के साथ पांच से छह वर्षों में द्विपक्षीय कारोबार को तीन गुना करना है।

इस समय दुनिया में द्विपक्षीय व्यापार समझौते नए सिरे से दोबारा अहम हो गए हैं। इसे देखते हुए भारत द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं को पूर्ण करने और मुक्त व्यापार समझौतों के क्रियान्वयन के लिए तत्परता से आगे बढ़ रहा है। गत वर्ष इटली में विकसित देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में भारत विशेष आमंत्रित देश के रूप में शामिल हुआ था। तब सम्मेलन में शामिल प्रमुख देशों के राष्ट्र प्रमुखों के साथ भारत की द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएं हुई थीं। इसी तरह 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में मास्को में भारत और रूस के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण शृंखला की समीक्षा के बाद भारत और रूस ने द्विपक्षीय कारोबार को 2030 तक 100 अरब डालर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा।

वहीं न्यूयार्क में भारत और अमेरिका के बीच हुई बातचीत में कई व्यापार समझौतों के साथ कोलकाता में एक सेमीकंडक्टर प्लांट लगाने का करार हुआ। कजान में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन का भारत ने द्विपक्षीय वार्ताओं के लिए रणनीतिक लाभ लिया। इसके साथ ही भारत और चीन के बीच पांच साल बाद अहम द्विपक्षीय वार्ता हुई। इसके बाद भारत और चीन के बीच संबंधों का नया अध्याय दिखाई दे रहा है। इसके अलावा भारत कई और व्यापार वार्ताओं को भी तत्परता से आगे बढ़ा रहा है।

गत वर्ष प्रधानमंत्री मोदी ने ब्राजील, नाइजीरिया और गुयाना का पांच दिवसीय दौरा किया था। वहां उन्होंने जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर फ्रांस, इटली, ब्राजील, सिंगापुर, इंडोनेशिया, पुर्तगाल, नार्वे और स्पेन समेत कई देशों के नेताओं के साथ वार्ताएं कीं। फिर नाइजीरिया और गुयाना पहुंचकर इन देशों के साथ व्यापार बढ़ाने की सार्थक वार्ताएं कीं। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके भी अपने सबसे पहले राजकीय विदेशी दौरे पर भारत आए और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ वार्ता की।


संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

**हमारे भीतर एकत्व और एकता का भाव जन्मजात है।**

**- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

**स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२**

**देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक**

# बच्चों की भीतर नहीं दिख रहा कानून का खौफ

दिल्ली के वजीराबाद इलाके में एक छात्र की हत्या को आए दिन होने वाले अपराधों के तौर पर ही देखा जाएगा। मगर यह घटना एक बार फिर इस बेहद चिंताजनक प्रवृत्ति को रेखांकित करती है कि देश में अब कम उम्र के बच्चों और किशोरों के व्यक्तित्व के विकास की दिशा किस ओर बढ़ चुकी है और अगर इसे तुरंत नहीं थामा गया तो आने वाले वक्त में समाज का स्वरूप कैसा होगा। गौरतलब है कि वजीराबाद में रविवार की शाम को नौवीं के एक छात्र का अपहरण करके उसकी हत्या कर दी गई और उसके बाद अगले दिन उसके परिवार को फोन करके दस लाख रुपए की फिरौती मांगी गई।

पुलिस ने जब मामले की छानबीन शुरू की, तब इसे अंजाम देने के आरोपी तीन किशोर पकड़े गए। हालांकि पिछले कुछ वर्षों से गंभीर अपराधों में भी किशोरों की संलिप्तता के जैसे मामले सामने आ रहे हैं, उसमें यह घटना कोई आश्चर्य नहीं पैदा करती, लेकिन जिस स्तर पर कम उम्र के बच्चों के भीतर आपराधिक प्रवृत्तियों का दायरा फैल रहा है, उसमें यह बेहद चिंता की बात है कि आखिर वे कौन-से कारक हैं जो बच्चों को ऐसी मानसिकता की गिरफ्त में ले रहे हैं।

जिस दौर में देश के विकास को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, उसमें समाज की बुनियाद रखने वाले किशोर उम्र के बच्चों की जिंदगी किस दिशा में बढ़ रही है। गुजरात के अमरेली जिले के एक प्राथमिक विद्यालय में 'डेयर गेम' खेलते हुए खुद को चोट पहुंचाने या फिर दस रुपए भुगतान करने की चुनौती देने के बाद पच्चीस बच्चों ने खुद को ब्लेड से घायल कर लिया। इस तरह की सोच का सिरा आगे कहां जाएगा? खुद को नुकसान



पहुंचाने या फिर इससे आगे किसी जघन्य अपराध को अंजाम देने के लिए प्रेरित करने वाली प्रवृत्ति के स्रोत आखिर क्या हैं?

कई बार ऐसा लगता है कि मौजूदा दौर में आम जनजीवन में घुल गए या फिर जरूरतों में शामिल हो चुके तकनीकी संसाधन बच्चों के विवेक पर भी हमला कर रहे हैं और उनके भीतर सही-गलत के बारे में सोचने की प्रक्रिया बाधित हो रही है। वरना क्या कारण है कि जिन आधुनिक तकनीकों को विकास का मानक मान लिया जाता है, वही कई बार एक विचित्र सम्मोहन पैदा कर रहे हैं और कई किशोर उससे प्रभावित होकर अपनी इच्छाओं को पूरा करने के लिए जघन्य अपराध करने से भी नहीं हिचकते। उनके भीतर कानून तक का खौफ नहीं होता।

विडंबना यह है कि जिस उम्र में बच्चों के खेलने-पढ़ने और भविष्य की बुनियाद रचने का दौर होता है, उसमें आज ऐसे किशोरों की संख्या में खासी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है जो अपने सामने की न केवल नकारात्मक, बल्कि आपराधिक प्रवृत्तियों और घटनाओं से भी प्रभावित हो रहे हैं। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अपने सामने परोसे जा रहे चकाचौंध के बीच वे कल्पनाएं बुनते हैं और कई बार ऐसे अपराधों को भी अंजाम देते हैं, जो उनके मौजूदा और भावी जीवन को तबाह कर देते हैं।

कोई वेब सीरीज देखने या वीडियो गेम खेलने के क्रम में बच्चे कब बेलगाम सपनों के संजाल में फंस कर अपराध के दलदल में दाखिल हो जाते हैं, यह पता नहीं चलता। अफसोस की बात यह है कि बच्चों और किशोरों की यह चिंताजनक दशा और दिशा न तो समाज और न ही सरकार की चिंता में शुमार है। यह बेवजह नहीं है कि जिन बच्चों को समाज और देश के बेहतर भविष्य के लिए उम्मीद की किरण माना जाता है, उनमें से कई अक्सर बड़ी समस्या के वाहक बन रहे हैं।

# ऑनलाइन बिक रहा है 2 कमरों का घर

**जरा हट के**

आजकल ऑनलाइन सामान बड़ी आसानी से मिल जाते हैं. आप घर बैठे फोन पर कुछ बटन दबाकर ही अपना मनचाहा सामान ऑर्डर कर सकते हैं. पर क्या आप जानते हैं कि अब आप ऑनलाइन घर भी ऑर्डर कर सकते हैं? इन दिनों एक घर के खूब चर्चे हैं, जो एक ऑनलाइन सामान बेचने वाले पोर्टल पर उपलब्ध है. ये 2 कमरों का छोटा सा मकान है जो छोटे परिवारों के लिए पर्फेक्ट है, पर जब आप इसकी कीमत सुनेंगे, तो तुरंत ऑर्डर करने का मन हो जाएगा क्योंकि ये बहुत सस्ते दाम में उपलब्ध है.

द सन की रिपोर्ट के अनुसार अली-एक्सप्रेस एक ग्लोबल ऑनलाइन रीटेल मार्केटप्लेस है जो चीनी कंपनी अलीबाबा का हिस्सा है. इस ऑनलाइन मार्केट प्लेस पर हाल ही में एक छोटा घर बिक रहा है जिसमें 2 कमरे और एक लिविंग स्पेस भी मौजूद है. घर के लिए कहा गया है कि इसे वो लोग भी खरीद सकते हैं,



जिनके पास अपने घर तो हैं, पर वो मेहमानों के लिए अलग से एक लिविंग स्पेस चाहते हैं. इसे किराये पर चढ़ाकर पैसे भी कमाए जा सकते हैं.

ये घर 20 की चौड़ाई में बना है और 2.4 मीटर की सीलिंग है. चीन से आप इसे फ्री शिपिंग के साथ ऑर्डर कर सकते हैं. इसके लिए करीब 2 महीने डिलीवर होने में लग जाते हैं. ये प्रोडक्ट समुद्र के रास्ते भेजा जाता है और सीधे ग्राहक के दरवाजे तक लाया जाता है. आप अपने से घर का लुक तय कर सकते हैं क्योंकि इसमें अलग-अलग रंग भी मौजूद हैं. सफेद, काला और भूरा एक्सटीरियर भी मौजूद है.

अगर किसी कारण से आपको अपना घर नहीं पसंद आया, तो आप घर को रिटर्न भी कर सकते हैं, कंपनी आपको पैसे भी लौटा देगी, हालांकि, तय समय के अंदर ही घर को लौटाना होगा. अगर आप थोड़ा बड़ा घर भी चाहते हैं, तो वो भी उपलब्ध है. ये 30 फीट और 40 फीट के साइज में भी उपलब्ध हैं. अब चलिए करते हैं कीमत की बात. 20 फीट वाला घर महज 5.9 लाख रुपये में मिल रहा है. वहीं 30 फीट वाला 8.7 लाख रुपये और 40 फीट वाला घर 9.8 लाख रुपये का मिल रहा है.

# ओट्स मूंगदाल टिक्की




अक्सर शाम होते ही हल्की भूख सताने लगती है। ऐसे में लोग अक्सर भूख शांत करने के लिए कुछ हेल्दी और टेस्टी ऑप्शन तलाशते हैं। अगर आपको भी शाम होते ही अक्सर हल्की भूख सताने लगती है, तो आप ओट्स मूंगदाल टिक्की ट्राई कर सकते हैं।

**सामग्री :**

- 3/4 कप मूंग दाल
- 3/4 कप ओट्स
- 1 बारीक कटा प्याज
- 1 कद्दूकस किया गाजर
- 1 बड़ा चम्मच दही
- 1 छोटा चम्मच गरम मसाला
- 1 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- नमक स्वादानुसार
- 1 बड़ा चम्मच तेल
- एक मुट्ठी धनिया पत्ती
- पानी आवश्यकतानुसार

**विधि :**

सबसे पहले मूंग दाल को अच्छे से धोकर पानी में भिगो दें। अब इसे थोड़े से पानी के साथ प्रेशर कुकर में डालें। इसे अच्छे से मैश कर लें और नरम होने तक पकाएं। एक पैन में ओट्स डालें और उन्हें सुनहरा भूरा होने तक सूखा भून लें।

एक बार हो जाने पर, इसे



मिक्सर ग्राइंडर में डालें और पीसकर मोटा पाउडर बना लें। (टिक्कियों की कोटिंग करने के लिए कुछ अलग रखें।)

एक कटोरे में, मसली हुई दाल, कसा हुआ गाजर, प्याज और तैयार ओट्स पाउडर डालें।

इसके बाद, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला, धनिया और नमक डालें।

अब अच्छी तरह मिलाएं और दही डालें। सभी चीजों को एक साथ मिलाकर स्मूद आटा बना लें।

आटे की बराबर आकार की लोइयां बना लें और टिक्की का आकार दे दें। इन्हें बचे हुए ओट्स पाउडर से कोट करें।

एक पैन में थोड़ा सा तेल गर्म करें और उस पर टिक्कियों रखे। इन्हें हल्का सुनहरा भूरा और कुरकुरा होने तक तलें। पलटें और दूसरी तरफ पकाएं।

हरी चटनी के साथ गरमागरम परोसें और आनंद लें।

# गर्मियों का सुपरफूड है ये पानी से भरपूर फल

## चाहे जैसे भी खाएं होंगे ये 7 जबरदस्त फायदे डिहाइड्रेशन से बचने का नंबर 1 फॉर्मूला

एक खबर के अनुसार, तरबूज में एंटीऑक्सीडेंट होने के साथ ही कई तरह के पोषक तत्व मौजूद होते हैं. यह गर्मी के मौसम में डिहाइड्रेशन से बचाने के साथ ही हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है. इनमें मौजूद पोषक तत्व कई तरह की हेल्थ कंडीशन को रोक सकते हैं.

आपका शरीर ठीक से अपना काम करे, उसके लिए बॉडी का हाइड्रेटेड रहना महत्वपूर्ण है. ऐसे में



आप तरबूज के सेवन से शरीर में पानी की मात्रा को बनाए रख सकते हैं. शरीर में तापमान का रेगुलेशन सही से हो, उसके लिए पर्याप्त मात्रा में हाइड्रेशन बहुत जरूरी है. ऐसे में पानी से भरपूर फलों, फू का सेवन करना चाहिए. गर्मी के दिनों में डेली वॉटर इनटेक की पूर्ति के लिए तरबूज का सेवन बेस्ट हो सकता है.

वजन कम करने के लिए भी आप तरबूज का सेवन कर सकते हैं. दरअसल, तरबूज एक लो कैलोरी युक्त फल है. ऐसे में लो कैलोरी डेंसिटी वाले फल खाने से वजन को मैनेज करना आसान हो सकता है. यह देर तक पेट भरा होने का अहसास कराएगा. ऐसे में आप इस फल का सेवन करके भी अपने वजन को बढ़ने से रोक सकते हैं. आप इसे जितना भी खाएंगे आपका वजन नहीं बढ़ेगा.

तरबूज के सेवन से आप कई तरह के कैंसर से बचे रह सकते हैं. दरअसल, तरबूज में कई तरह के प्लांट कम्पाउंड होते हैं जैसे लाइकोपीन, cucurbitacin E. इनमें कई तरह के एंटीकैंसर एफेक्ट्स होते हैं. कुछ अध्ययन के परिणाम ये बताते हैं कि लाइकोपीन का सेवन कुछ प्रकार के कैंसर, जैसे प्रोस्टेट और कोलोरेक्टल कैंसर के कम जोखिम से जुड़ा हो सकता है. इसके अतिरिक्त, कुकुर्बिटासिन ई आपके शरीर की कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने, हटाने की प्रक्रिया को बढ़ावा देकर ट्यूमर के विकास को रोक सकता है. हालांकि, इस पर अभी इंसानों पर शोध करना जरूरी है.

तरबूज खाने से हार्ट की सेहत भी दुरुस्त बनी रहती है. तरबूज में कई ऐसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो दिल की सेहत को सपोर्ट करते हैं. इसमें मौजूद लाइकोपीन ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने में कारगर होते हैं. ये दोनों ही कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ को बढ़ावा देने में बेहद जरूरी होते हैं. इसके साथ ही तरबूज में मौजूद पोटैशियम, मैग्नीशियम, विटामिन ए, बी6, सी हार्ट और ओवरऑल हेल्थ को बूस्ट करते हैं.

तरबूज खाने से हड्डियां और जोड़ों को भी फायदा होता है. इस फल में नेचुरल पिगमेंट बीटा-क्रिप्टोजैन्थिन होता है, जो इंफ्लेमेशन से जोड़ों को सुरक्षित रखता है. इससे आपको रूमटाइड अर्थराइटिस, ऑस्टियोपोरोसिस होने की संभावना भी काफी हद तक कम हो सकती है.

## आज का राशिफल

**मेष** : आज आप समय का सदुपयोग करें। काम समय पर पूरे होंगे और घर का माहौल व्यवस्थित रहेगा। किसी धार्मिक कार्यक्रम में जाने से लोगों से मेलजोल बढ़ेगा। कई बार उदासी और तनाव मन पर हावी हो सकता है। आपकी समस्याओं का परिवार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

**वृषभ** : दिनचर्या में कुछ नया लाने का प्रयास करें, घर के किसी सदस्य के विवाह की भी व्यवस्था बनेगी। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण रखें। अन्यथा विवाद जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। व्यवसायिक स्थिति अनुकूल रहेगी। युवाओं को मेहनत का सकारात्मक परिणाम मिलेगा।

**मिथुन** : संपत्ति के क्रय-विक्रय से संबंधित कोई कार्यवाही चल रही है तो उस पर ध्यान दें। किसी अजनबी से अचानक हुई मुलाक़ात फ़ायदेमंद साबित होगी। कोर्ट केस से जुड़े दस्तावेज और कागजात संभाल कर रखें। किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेने में संकोच न करें।

**कर्क** : विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे। आपको कुछ ख़र्चों और चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। अपनी इच्छा को पूरा करने के लिए किसी भी तरह का जोखिम उठाने से बचें। रिश्तों में कड़वाहट भी आ सकती है। व्यापार में धन संबंधी कार्यों पर अधिक ध्यान दें।

**सिंह** : बाहरी गतिविधियों और महत्वपूर्ण संपर्कों में अधिक समय व्यतीत होगा। आप अपनी मेहनत और प्रयासों से परिस्थितियों के अनुकूल ढलने की कोशिश कर रहे हैं। विवादों को बढ़ाने के बजाय उन्हें सुलझाने का प्रयास करें; इस समय धैर्य बहुत जरूरी है।

**कन्या** : घर में अनुशासन और शांति का माहौल बनाए रखने में आपका विशेष योगदान रहेगा। भाग्य आपका साथ देगा। इस समय चचेरे भाइयों के साथ आपके मतभेद हो सकते हैं। पैतृक संपत्ति को लेकर किसी प्रकार की चर्चा संभव है। किसी प्रकार की यात्रा स्थगित करें।

**तुला** : भ्रम दूर होने से युवा राहत की सांस लेंगे। और आपको कोई बड़ा फैसला लेने का साहस मिलेगा। मेहनत के अनुकूल परिणाम मिलेंगे। किसी करीबी से संबंध खराब हो सकते हैं। तथा असफलता की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक** : निकट संबंधियों से संपत्ति को लेकर कोई गंभीर और लाभदायक चर्चा होगी, जो आपके हित में होगी। आपका हस्तक्षेप परिवार के सदस्यों के लिए परेशानी का सबब बन सकता है। पारिवारिक व्यवसाय से जुड़े लोग इस समय बड़ी उपलब्धि हासिल करेंगे।

**धनु** : आप हर कार्य को व्यवस्थित ढंग से पूरा करने का प्रयास करेंगे और सफल रहेंगे। आपके भीतर आध्यात्मिक शांति बनी रहेगी। आय की स्थिति मध्यम रहेगी, जिससे मन अशांत रहेगा। क्रोध और जिद जैसी नकारात्मक बातें आपके बनते बनते काम बिगाड़ सकती हैं।

**मकर** : आप आत्मविश्वास के साथ अपने कार्यों पर ध्यान देना शुरू कर देंगे। किसी संबंधी से शुभ समाचार मिलने से मन में प्रसन्नता रहेगी। क्रोध और आवेश पर नियंत्रण रखना चाहिए, पैसों के मामले में किसी पर भी ज्यादा भरोसा न करें। व्यावसायिक गतिविधियों में सुधार होगा.

**कुंभ** : दिन की शुरुआत शुभ समाचार से होगी और आप किसी महत्वपूर्ण कार्य को करने में राहत महसूस करेंगे। कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि मिलने की संभावना है। पड़ोसियों से किसी तरह का झगड़ा या कहासुनी की स्थिति बन सकती है। ऑनलाइन से कुछ उपलब्धियां प्राप्त होंगी.

**मीन** : अनुभवी और वरिष्ठ लोगों के मार्गदर्शन और सहयोग से जानकारी मिल सकती है। खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। मन में कुछ नकारात्मक विचार आएंगे। किसी भी तरह का जोखिम उठाने से बचें आप व्यापार में पूरी लगन और विश्वास के साथ काम करेंगे।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# मेनोपॉज के बाद महिलाओं के लिए हेल्दी ड्रिंक

## जोड़ों के दर्द से मिलेगा आराम



महिलाओं को अपनी डाइट में हेल्दी फूड् को शामिल करना बेहद जरूरी होता है। बॉडी में होने वाले हार्मोनल बदलाव कई सारी समस्या को पैदा करने लगते हैं। खासतौर पर जब महिलाएं मेनोपॉज की स्थिति में पहुंचती हैं तो उन्हें कई दिक्कतें झेलने पड़ती है। जिसमे से एक समस्या है घुटनों और जोड़ों में दर्द की। ज्यादातर महिलाएं 50 की उम्र के बाद जोड़ों और घुटनों में दर्द की शिकायत करती हैं। ऐसे में ये हेल्दी ड्रिंक जरूर उनकी मदद सकती है।

### मेनोपॉज के बाद जोड़ों के दर्द की समस्या

महिलाओं में पीरियड के रुक जाने के बाद यानी मेनोपॉज होने के बाद ऑस्टियोपिरोसस का खतरा बढ़ जाता है। जिसका कारण है शरीर में एस्ट्रोजन लेवल का कम हो जाना। एस्ट्रोजन महिलाओं के लिए जरूरी हार्मोस है। जो प्रजनन क्षमता बढ़ाने के साथ ही हड्डियों की मजबूती के लिए भी जरूरी होता है।

### मेनोपॉज में एस्ट्रोजन लेवल कम हो जाना

शरीर में एस्ट्रोजन लेवल के कम हो जाने पर ही पीरियड् बंद हो जाते हैं। लेकिन साथ ही दूसरी समस्याएं जैसे हॉट फ्लैशेज और हड्डियों में दर्द की समस्या होने लगती है। ऐसे में इस ड्रिंक को पीने से जोड़ों और घुटनों के दर्द में राहत मिल सकती हैं।

### न्यूट्रिशनिस्ट ने बताया देसी ड्रिंक

इंस्टाग्राम पर न्यूट्रिशनिस्ट ने 50 के बाद महिलओं के घुटनों और जोड़ों में दर्द के लिए असरदार ड्रिंक बताई है। जिससे कि हड्डियों को मजबूती मिल सके।

### कैसे बनाएं ड्रिंक

- एक कप भुना हुआ मखाना
- एक कप भुना चना
- 5-6 छुहारा

इन तीनों चीजों को मिलाकर पीस लें और पाउडर बना लें। रोज सुबह-शाम एक कप गर्म दूध में इस पाउडर को मिलाकर पिएं। महिलाओं को होने वाले घुटनों और जोड़ों के दर्द में राहत मिलेगी।

# चेहरे के पिंपल मिटाने का आयुर्वेदिक नुस्खा

## जान लें लगाने का सही तरीका

चेहरे पर पिंपल बहुत सारे लोगों की प्रॉब्लम होती है। जिसकी वजह से चेहरा खराब लगता है। वहीं ये पिंपल काफी दर्द भी होते हैं। चेहरे पर निकलने वाले ये पिंपल आसानी से नहीं जाते और जाने के बाद स्किन पर धब्बे छोड़ जाते हैं। ऐसे में आयुर्वेदिक नुस्खा आपकी मदद कर सकता है। लेकिन इस आयुर्वेदिक नुस्खे को चेहरे पर लगाने का सही तरीका भी पता होना चाहिए। जानें कैसे अप्लाई करें असरदार आयुर्वेदिक नुस्खा।

## पिंपल हटाने का आयुर्वेदिक नुस्खा

### नुस्खा नंबर 1

पिंपल हटाने के लिए धनिया के बीज को पीसकर पाउडर बना लें। फिर इस पाउडर को दूध में मिलाएं और पिंपल पर लगाएं।

### नुस्खा नंबर 2

जायफल को दूध में अच्छी तरह से घिस लें। फिर इस मिक्सचर को पिंपल के ऊपर लगाएं। ये नुस्खा भी चेहरे के पिंपल को हटाने में मदद करेगा।

### नुस्खा नंबर 3

काली मिर्च के पाउडर को दूध



में मिलाकर पाउडर बना लें और पिंपल पर लगा लें। लेकिन ध्यान रहे कि काली मिर्च के पेस्ट को केवल पिंपल के ऊपर लगाना है। पूरे चेहरे पर फेस पैक की तरह नहीं लगाना है। काली मिर्च से चेहरे पर जलन होने लगेगी।

### कैसे लगाएं ये आयुर्वेदिक नुस्खा

आयुर्वेद के इन नुस्खों को अप्लाई करने का सही तरीका बता होना जरूरी है। अगर आप चाहती हैं कि पिंपल झट से खत्म हो जाए तो बस जिन जगहों पर पिंपल है, उन पिंपल के ऊपर ही इन सारे तैयार पेस्ट को लगाएं। खासतौर पर काली मिर्च को भूलकर भी पिंपल के अलावा चेहरे की स्किन पर ना लगाएं। नहीं तो जलन होने लगेगी।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### विवाहिता ने प्रेमी संग खाया जहर, दोनों की मौत

**उरई.** यूपी के उरई में प्रेम-प्रसंग के चलते एक शादीशुदा महिला और उसके प्रेमी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। महिला दो दिन पहले ही अपनी ससुराल से मायके आई थी। आधी रात को वह प्रेमी से मिलने के लिए छत के रास्ते उसके घर में घुस गई। इस बीच दोनों में मिलने-जुलने को लेकर कुछ विवाद हो गया। इसके बाद महिला ने जहर खा लिया तो प्रेमी ने भी सल्फास खाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। दोनों अपने-अपने घरों में अचेत हालत में पड़े मिले तो हड़कंप मच गया। परिवार के लोग दोनों को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्रेमी ने कानपुर जाते वक्त और प्रेमिका ने उरई मेडिकल कॉलेज जाते वक्त रास्ते में दम तोड़ा।

### कार पेड़ से टकराई, दो महिलाओं की मौत

**पीलीभीत.** यूपी के पीलीभीत में हादसा हो गया। फर्रुखाबाद से टनकपुर जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक कार अनियंत्रित होकर हाईवे पर मझोला के पास पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची थाना न्यूरिया पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस ने दोनों महिलाओं के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाए। फर्रुखाबाद जिले के थाना मऊ दरबाजा क्षेत्र के खारबंदी कुइयां बूट पोस्ट पच पोखर निवासी जोगिंदर सिंह परिवार के साथ शुक्रवार शाम घर से टनकपुर स्थित मां पूर्णागिरीदर्शन करने के लिए कार से जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार शुक्रवार रात दो बजे पीलीभीत के थाना न्यूरिया क्षेत्र के मझोला से कुछ दूरी पर कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई।

### लखनऊ में बीजेपी विधायक के घर चोरी, पत्नी की घड़ी, हीरे का लॉकेट ले गया नौकर, FIR

**लखनऊ.** लखनऊ में बीजेपी विधायक के घर चोरी की घटना सामने आई है। यहां विवेकखंड तीन स्थित वाराणसी की अजगरा सीट से विधायक त्रिभुवन राम के घर से लॉकेट और घड़ी चोरी हो गई। बीजेपी विधायक त्रिभुवन राम ने नौकर पर चोरी का आरोप लगाया है। पुलिस आरोपी नौकर की तलाश में लगी है। विधायक त्रिभुवन राम ने शनिवार को गोमतीनगर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। विधायक ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि गोमतीनगर के विवेकखंड स्थित मकान में उनकी पत्नी रहती है। काम के सिलसिले में विधायक अक्सर बनारस में होते हैं।

# मणिपुर में पहली बार नहीं हुई जातीय हिंसा

### अमित शाह बोले-सही समय पर लगाया राष्ट्रपति शासन

**नई दिल्ली.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मणिपुर में स्थिति अब पहले की तुलना में काफी शांतिपूर्ण है और सरकार स्थायी शांति स्थापित करने के लिए मेइती और कुकी समुदायों के साथ चर्चा कर रही है। शाह ने यह भी कहा कि मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए उचित समय पर राष्ट्रपति शासन लगाया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने शुक्रवार रात 'टाइम्स नाउ समिट, 2025' में कहा, अब स्थिति अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण है। सामान्य जीवन फिर से शुरू हो गया है। गृह मंत्रालय ने दोनों समुदायों के साथ अलग-अलग बैठकें की हैं। दोनों समुदायों ने एक-दूसरे से बात भी की है। धीरे-धीरे चीजें सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही हैं। अब चिंता की कोई बात नहीं है।

गृह मंत्री ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब राज्य में जातीय हिंसा हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में पहले भी इस तरह की हिंसा



हो चुकी है और यह तीन से चार साल तक चली है। यह पूछे जाने पर कि क्या मणिपुर में केंद्रीय शासन लागू करने में देरी हो रही है, शाह ने कहा कि दूर बैठकर टिप्पणी करना आसान है। उन्होंने कहा, जब तक दोनों समुदाय इसे स्वीकार नहीं करते, राष्ट्रपति शासन सफल नहीं हो सकता। जब उचित समय था, हमने इसे लागू कर दिया।₹

#### जम्मू-कश्मीर को लेकर क्या बोले शाह

अमित शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को वादे के मुताबिक पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाएगा लेकिन इस तरह से सार्वजनिक मंच पर समय का ऐलान नहीं किया जा सकता है। राज्य का दर्जा बहाल करने की समयसीमा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हमने आश्वासन दिया है कि राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। लेकिन सार्वजनिक मंच पर यह नहीं बताया जा सकता कि यह कब दिया जाएगा।

जब 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया था और तत्कालीन जम्मू-कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया गया था, तो शाह ने संसद में कहा था कि उचित समय पर जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, ₹कश्मीर में 40 साल बाद यह पहला चुनाव था जिसमें किसी भी स्थान पर पुनर्मतदान नहीं हुआ। एक भी आंसू गैस या गोली नहीं चलाई गई। 60 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, यह बहुत बड़ा बदलाव है।

### प्रयागराज में एयरफोर्स अफसर की हत्या

प्रयागराज में एयरफोर्स के चीफ इंजीनियर (वर्क) एसएन मिश्रा (50) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह घर में सोए हुए थे। तड़के 3 बजे हमलावरों ने खिड़की खटखटाकर अफसर को जगाया। जैसे ही उन्होंने खिड़की खोली। हमलावरों ने सीने में गोली मार दी। आवाज सुनकर दूसरे कमरे से परिजन भागकर पहुंचे। तब तक हमलावर फरार हो चुके थे।

तुरंत उन्हें मिलिट्री हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वारदात की सूचना पर एयरफोर्स और पुलिस के सीनियर अफसर मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने कमरे की जांच की। आसपास के CCTV फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

पूरी वारदात हाई सिक्योरिटी वाले बमरौली इलाके में सेंट्रल एयर कमांड कैंपस के अंदर बनी कॉलोनी में हुई। कैंपस में नार्थ जोन में चीफ इंजीनियर का आवास है। फिलहाल, आसपास का एरिया सील कर दिया है। मीडियाकर्मियों समेत किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक, सेंट्रल एयर कमांड के नॉर्थ जोन के प्रभारी एसएन मिश्रा बिहार के सासाराम जिले के रहने वाले थे। 2 साल पहले ही ट्रांसफर होकर प्रयागराज आए थे। यहां पत्नी और 2 बच्चों के साथ रहते थे। उनकी नौकरी के 22 साल पूरे हो चुके थे।

# छत्तीसगढ़ के सुकमा में 17 नक्सलियों का एनकाउंटर



**सुकमा.** छत्तीसगढ़ के सुकमा और दंतेवाड़ा जिले की सरहद पर शनिवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। DRG (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) और CRPF के 500-600 जवानों ने 17 नक्सलियों को मार गिराया। इनमें 11 महिला नक्सली हैं। मुठभेड़ केरलापाल थाना क्षेत्र के उपमपल्ली में हुई।

मारे गए नक्सलियों में नक्सल संगठन SZCM- स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर जगदीश उर्फ बुधरा भी शामिल है। बुधरा पर 25 लाख का इनाम घोषित था। वह दरभा घाटी के झीरम कांड में शामिल था। 2013 में हुई इस वारदात में कांग्रेस नेता महेंद्र कर्मा समेत कई बड़े कांग्रेसी लीडर मारे गए थे।

इससे पहले 25 मार्च को सुरक्षाबलों ने 25 लाख रुपए के इनामी नक्सली सुधीर उर्फ सुधाकर समेत 3 नक्सलियों को मार गिराया था। बस्तर रेंज में जवानों ने इस साल अब तक 100 नक्सलियों का एनकाउंटर किया है। इसमें 20 मार्च से 29 मार्च के बीच, यानी 10 दिन में ही 49 नक्सली मारे गए हैं।

#### 17 नक्सलियों के शव बरामद

DIG कमलोचन कश्यप ने बताया कि 17 नक्सलियों के शवों के साथ इंसास, SLR जैसे ऑटोमेटिक वेपंस भी बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में कई बड़े कैडर्स भी हैं, जिनकी पहचान की जा रही है। मुठभेड़ में DRG के 3 और CRPF का एक जवान भी घायल हुए। फिलहाल वे खतरे से बाहर हैं। DIG ने बताया कि ऑपरेशन खत्म हो चुका है। DRG के जवान नक्सलियों के शवों को कंधे पर लादकर करीब 10 किलोमीटर पैदल चलकर जंगल से लौट आए हैं।

# कुणाल कामरा पर 3 नए केस दर्ज

- **संजय राउत बोले- वह आतंकवादी नहीं, उन्हें कंगना की तरह स्पेशल प्रोटेक्शन मिलना चाहिए**

**मुंबई.** स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में 3 नए केस दर्ज किए गए हैं। ये केस महाराष्ट्र के डिप्टी CM एकनाथ शिंदे को लेकर दिए गए विवादित बयान से जुड़े हैं। मुंबई पुलिस की ओर से शनिवार को दी गई जानकारी के मुताबिक, पहली शिकायत जलगांव की मेयर ने दर्ज करवाई है, जबकि बाकी 1-1 केस नासिक के दो अलग-अलग बिजनेसमैन ने किया है।

केस में मुंबई पुलिस कुणाल



कामरा से पूछताछ के लिए 2 समन जारी कर चुकी है। वहीं महाराष्ट्र विधान परिषद में भी कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस स्वीकार कर लिया गया है।

उधर, शिवसेना (UBT) सांसद संजय राउत ने कहा कि, 'जिस तरह भाजपा सांसद कंगना रनोट को शिवसेना से टकराव के बाद सुरक्षा दी गई थी, वैसी ही सिक्योरिटी कुणाल को भी दी जानी चाहिए। राउत ने मुंबई में कहा- मैंने



कुणाल कामरा से बोला है कि वो कानून का सामना करें, भागे नहीं। मुंबई पुलिस निष्पक्ष है। कुणाल देश के नागरिक और कलाकार हैं, कोई आतंकवादी नहीं हैं।

कुणाल को मद्रास हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई है। कुणाल ने कोर्ट से कहा था कि वे तमिलनाडु के विल्लुपुरम के रहने वाले हैं। मुंबई गए तो गिरफ्तारी होगी। शिवसेना कार्यकर्ताओं से जान का खतरा है।

# प. बंगाल के मालदा में हिंसा, इंटरनेट बंद, 34 गिरफ्तार

### उपद्रवियों ने दुकानें-गाड़ियां तोड़ीं, सामान लूटा; कलकत्ता हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

**मालदा.** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के मोथाबाड़ी में 27 मार्च को दो गुटों के बीच हुई हिंसा मामले में 34 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना के बाद से इलाके में इंटरनेट बंद है। आर्म्ड और रैपिड एक्शन फोर्स की तीन कंपनियां तैनात की गई हैं। हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को DM और SP से 3 अप्रैल तक एक्शन रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने कहा कि राज्य को सावधानी से काम करना चाहिए। साथ ही हिंसा से प्रभावित लोगों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने चाहिए। रिपोर्ट्स के मुताबिक 26 मार्च को मोथाबाड़ी मस्जिद में नमाज हो रही थी। इस दौरान वहां से एक जुलूस गुजर रहा था, तभी कुछ लोगों ने धार्मिक नारे लगाए। 27 मार्च को दूसरे समुदाय ने इसका विरोध किया। इस दौरान भीड़ ने दुकानों, घरों और गाड़ियों में तोड़फोड़ और लूट की। स्थानीय लोगों के मुताबिक 27 मार्च को विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों के हाथ में धार्मिक झंडे थे। नारेबाजी कर रहे लोग अचानक हिंसक हो गए और दुकानों, घरों में तोड़-फोड़ की, सामान लूटा और सड़कों पर खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी।

# डिजिटल अरेस्ट बुजुर्ग दंपती ने की आत्महत्या

- **ठगों ने दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बन 50 लाख ठगे**
- **सुसाइड नोट से हुआ खुलासा**

**बेंगलूरु.** कर्नाटक के बेलगावी में एक बुजुर्ग दंपती ने डिजिटल अरेस्ट में 50 लाख रुपए की साइबर ठगी होने के बाद आत्महत्या कर ली। 83 साल के दियांगो नजारत ने गला काटकर जबकि उनकी पत्नी प्लेव्याना नजारत (79) ने जहर खाकर खुदकुशी की।

पुलिस के मुताबिक, ठगों ने बुजुर्ग दंपती से वीडियो कॉल पर संपर्क किया और खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच के अधिकारी बताया। उन्होंने दंपती को झूठे आपराधिक मामले में फंसाने की धमकी दी और डिजिटल अरेस्ट कर 50 लाख रुपए ठग लिए।



बेलगावी के एसपी भीमाशंकर गुलेद ने बताया कि पुलिस बैंक खातों की जांच कर रही है और ठगों की ओर से वसूली गई कुल रकम का पता लगाया जा रहा है। यह एक गंभीर मामला है और इसकी जांच की जा रही है।

#### क्या है पूरा मामला

ठगों ने खुद को दिल्ली के टेलिकॉम विभाग और क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर बुजुर्ग दंपती को कॉल किया। उन्होंने दावा किया कि उनके नाम पर फर्जी सिम कार्ड जारी किया गया है, जो अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल हो रहा है। पहले सुमित बिर्रा नामक ठग ने खुद को टेलिकॉम विभाग का अधिकारी बताकर धमकाया और फिर अनिल यादव नाम के शख्स से कॉल ट्रांसफर कर दिया, जिसने खुद को क्राइम ब्रांच अधिकारी बताया। ठगों ने मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी और डिजिटल अरेस्ट कर बुजुर्ग से उनकी संपत्ति और वित्तीय जानकारी मांग ली। डर और घबराहट में आकर, दियांगो ने ठगों को 50 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी धमकियां मिलती रहीं और और ज्यादा पैसों की मांग की गई। बुजुर्ग दंपती लगातार मिल रही धमकियों और ठगी की वजह से मानसिक रूप से टूट गए और उन्होंने घर में आत्महत्या कर ली। घटना स्थल से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उन्होंने ठगी की सारी जानकारी दी है।

# 'कोर्ट की मान रहे, वरना मथुरा में बहुत कुछ हो जाता'

- **मंदिर खोजने पर खूब बोले योगी आदित्यनाथ**

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने मथुरा की ईदगाह मस्जिद और कृष्ण जन्मभूमि विवाद को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। उन्होंने ANI के साथ पॉडकास्ट में कहा कि हम तो मथुरा को लेकर कोर्ट के आदेश का ही पालन कर रहे हैं वरना अब तक वहां बहुत कुछ हो गया होता। यह बात उन्होंने उस सवाल के जवाब में कही, जिसमें उनसे पूछा गया कि जब यह मामला कोर्ट में है तो आप क्यों उठा रहे हैं। यही नहीं उत्तर प्रदेश में मुसलमानों की स्थिति पर भी उन्होंने जवाब दिया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में मुसलमान सबसे ज्यादा सुरक्षित हैं। यदि हिंदू सुरक्षित है तो वह भी सेफ हैं। बुलडोजर न्याय बंद करने की अदालत की सलाह पर उन्होंने कहा कि जो जैसे समझेगा, उसे वैसे समझाएंगे।



> मथुरा की बात क्यों नहीं उठाऊं? क्या मथुरा श्री कृष्ण की जन्मभूमि नहीं है? हम कोर्ट के आदेश का पालन कर रहे हैं वरना वहां बहुत कुछ हो गया होता...सनातन हिंदू धर्म के सभी महत्वपूर्ण स्थान हमारी विरासत के प्रतीक हैं।
>
> **सीएम योगी**

अखिलेश यादव और सपा के लोगों की तुलना औरंगजेब से किए जाने के सवाल पर योगी ने कहा कि वे तो उन्हें ही आदर्श मानते हैं। सीएम योगी ने कहा कि ये लोग महाराणा प्रताप, राणा सांगा, छत्रपति शिवाजी और गुरु गोविंद सिंह के बारे में क्या बताएंगे। इनसे क्या अपेक्षा की जा सकती है। उन्होंने वक्फ पर बिल का भी बचाव किया। योगी ने कहा कि आज तक के इतिहास में वक्फ बोर्ड ने कौन सा कल्याणकारी काम किया है। कोई एक काम भी ऐसा नहीं गिनाया जा सकता। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड तो जहां भी दावा कर देता है, उस जगह को उसकी संपत्ति मान लिया जाता है। ऐसा कैसे चलेगा। हम भौंचक हैं कि आखिर यह कौन सा आदेश है। यह देश के हित में भी है और मुसलमानों के भी हित में है कि वक्फ बोर्ड में सुधार किया जाए।

संभल से लेकर वाराणसी तक नए-नए मंदिरों को खोजे जाने की बात पर योगी ने कहा कि हम जितने भी होंगे, हम सब खोजेंगे। मथुरा के मामले के कोर्ट में होने के सवाल पर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम तो अदालत का ही पालन कर रहे हैं वरना वहां अब तक बहुत कुछ हो गया होता। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने अब तक संभल में कुल 54 धार्मिक स्थानों की पहचान की है। इसके अलावा कुछ और के लिए भी प्रयास चल रहे हैं।

# आखिरी टी-20 वर्ल्डकप था इसे यादगार बनाना चाहता था

- **दूसरे खिलाड़ियों के बिना ये संभव नहीं था**
- **टीम का हर प्लेयर सम्मान का हकदार**



भारत को लगातार 2 ICC टूर्नामेंट जिताने वाले कप्तान रोहित शर्मा ने अपनी जीत का फॉर्मूला बताया है। रोहित ने MI की सोशल मीडिया टीम से बात करते हुए कहा- 'हमारी सफलता का सफर और मानसिकता में बदलाव 2022 से शुरू हुआ। जब भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में टी20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल हार गई थी।

MI ने सोशल मीडिया में रोहित की बातचीत का वीडियो शेयर किया। इसमें भारतीय कप्तान ने कहा- 'उस हार के बाद हमने खिलाड़ियों को साफ बता दिया कि उनसे क्या अपेक्षा की जाती है और हम उन्हें कैसे खेलते देखना चाहते हैं। इसके लिए खिलाड़ियों से काफी बात की गई। उन्हें आजादी देने की जरूरत थी, ताकि वे बेखौफ होकर खेल सकें। हम कुछ सीरीज हारे, लेकिन घबराए नहीं और अपनी प्रोसेस पर कायम रहे।

> **रोहित शर्मा ने कहा-**
> भारती टीम ने पिछले 9 महीनों में क्रिकेट के उतार-चढ़ावों का सामना करते हुए सफलता हासिल करने के लिए सामूहिक संघर्ष किया है। पिछले तीन आईसीसी टूर्नामेंटों में भाग लेने वाली टीम का प्रत्येक सदस्य सम्मान का हकदार है।

रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत को पिछले तीन ICC लिमिटेड ओवर्स के टूर्नामेंट में 24 मैचों में से एक में ही पराजय का सामना करना पड़ा। जो 2023 वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में अहमदाबाद में आस्ट्रेलिया से मिली। टीम इंडिया ने पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप। फिर 9 मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की। रोहित लगातार दो ICC टूर्नामेंट जीतने वाले भारत के पहले कप्तान हैं।

# 454 पेड़ों को काटा, अब हर पेड़ के बदले देना होगा 1 लाख का जुर्माना

- **SC ने कहा- ये हत्या से भी बुरा कृत्य**

**नई दिल्ली।** पेड़ों की अवैध कटाई एक शख्स को भारी पड़ गई। सुप्रीम कोर्ट ने उस पर काटे गए हर पेड़ के बदले 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। व्यक्ति ने अपनी गलती मान ली है। उसने शीर्ष अदालत से जुर्माना कम करने की मांग की। मगर अदालत ने इसे ठुकरा दिया। इस शख्स ने कुल 454 पेड़ काटे थे। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बड़ी संख्या में पेड़ों को काटना इंसान की हत्या से भी बदतर कृत्य है।

- **दोबारा पेड़ तैयार करने में 100 साल लगेंगे**

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने ताज संरक्षित क्षेत्र में 454 पेड़ों को काटने वाले शख्स की याचिका को खारिज कर दिया और मामले में सख्त टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि पर्यावरण के मामले में कोई दया नहीं होनी चाहिए। बड़ी संख्या में पेड़ों को काटना किसी इंसान की हत्या से भी बदतर है। शीर्ष अदालत ने कहा कि बिना अनुमति के काटे गए 454 पेड़ों से बने हरित क्षेत्र को दोबारा बनाने में कम से कम 100 साल लगेंगे।

- **सीईसी ने की थी भारी जुर्माने की सिफारिश**

शीर्ष अदालत ने केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (CEC) की रिपोर्ट को भी स्वीकार कर लिया है। रिपोर्ट में मथुरा-वृंदावन स्थित डालमिया फार्म में 454 पेड़ काटने वाले शिव शंकर अग्रवाल पर प्रति पेड़ एक लाख रुपये का जुर्माना लगाने की सिफारिश की गई थी।

वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने अग्रवाल का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि याची ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है। मगर अदालत ने जुर्माना राशि कम करने से मना कर दिया। अदालत ने कहा कि अग्रवाल को पास के स्थल पर पौधारोपण करने की अनुमति दी जानी चाहिए। यह भी कहा कि उनके खिलाफ दायर अवमानना याचिका का निपटारा अनुपालन के बाद ही किया जाएगा।

- **2019 का फैसला लिया वापस**

सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में पारित अपना आदेश भी वापस ले लिया। इसमें ताज ट्रेपेजियम जोन के भीतर गैर-वन और निजी भूमि पर पेड़ों को काटने के लिए पूर्व अनुमति लेने आवश्यकता को हटा दिया गया था।



उल्हास विकास — मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक



## संक्षेप...

### 80 साल की बुजुर्ग को क्रेन ने कुचला

**मुंबई.** विले पार्ले इलाके में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. सड़क पार कर रही 80 साल की एक बजुर्ग महिला को क्रेन ने कुचल दिया. घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी क्रेन ड्राइवर मौके से फरार हो गया. मुंबई की जुहू पुलिस ने घटना पर मौजूद सीसीटीवी फुटेज और गाड़ी के नंबर से आरोपी ड्राइवर अरविंद यादव को गोरेगांव से धर दबोचा. 20 साल के आरोपी ड्राइवर अरविंद यादव के खिलाफ BNS की धारा 106(1),125,281और मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 134(A),134(B) के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है.

# हुक्का पार्लर को लेकर महाराष्ट्र सरकार सख्त

## जिनके क्षेत्र में चलते मिले ऐसे पॉर्लर तो सस्पेंड होंगे वहां के पुलिस अफसर

महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में ई-सिगरेट और हुक्का के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है. इनके खिलाफ अब सरकार सख्त कदम उठाने जा रही है. सरकार ने फैसला किया है कि अगर पुलिस अधिकारियों की जानकारी के बिना उनके संबंधित क्षेत्रों में हुक्का पार्लर चलते पाए गए तो उन्हें निलंबित कर दिया जाएगा. इसके अलावा हुक्का पार्लर के मामलों में बार-बार अपराध करने वालों को भी गिरफ्तार किया जाएगा, जो पहले नहीं होता था.

मंगलवार (25 मार्च) को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हुक्का पीना एक स्टाइल स्टेटमेंट बन गया है. कई जगहों पर हुक्के में तंबाकू का इस्तेमाल किया जाता है. तो वहीं कुछ जगहों पर अन्य नशीले पदार्थों का भी इस्तेमाल किया जाता है, जो कि सरासर गलत है. मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे प्रतिष्ठानों के खिलाफ अभियान पहले से ही चल रहा है लेकिन अब सरकार ने फैसला किया है कि इस अभियान को और तेज किया जाएगा.

### हुक्का पार्लरों और ई-सिगरेट की खपत में इजाफा

सदन में फडणवीस कांग्रेस विधायक विश्वजीत कदम और नाना पटोले और बीजेपी विधायक संजय केलकर को जवाब दे रहे थे,



जिन्होंने राज्य भर में बढ़ते हुक्का पार्लरों और ई-सिगरेट की खपत में वृद्धि को लेकर सवाल उठाया था. कदम ने मांग की कि पूरे राज्य में कार्रवाई की जरूरत है, जबकि पटोले ने पुलिस विभाग पर हुक्का पार्लरों को चलने देने का आरोप लगाया.

### कांग्रेस का पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप

पटोले ने कहा कि इन लोगों पर कार्रवाई करने के लिए जिम्मेदार लोग ही खुद ही हुक्का पार्लरों को चलने दे रहे हैं. उन्होंने सवाल किया कि क्या सरकार ऐसे पुलिस अधिकारियों पर कोई कार्रवाई करेगी? जो इन चीजों में शामिल हैं. उन्होंने कहा कि पुलिस के संरक्षण में ही हुक्का पार्लर चलाए जा रहे हैं जबकि पुलिस का काम इनको रोकना है.

### 'पुलिस अधिकारियों पर होगी कार्रवाई'

पटोले के जवाब में गृह विभाग के प्रमुख फडणवीस ने सदस्यों को आश्वस्त किया कि ड्रग्स या हुक्का पार्लरों के खिलाफ कार्रवाई के मामले में सरकार की मंशा बिल्कुल साफ है और इसको लेकर किसी भी तरह का कोई समझौता नहीं किया जाएगा. सीएम ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हुक्का पार्लरों के संचालन के बारे में पुलिस अधिकारियों के अलावा किसी और ने जानकारी दी तो संबंधित क्षेत्र के कर्मियों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें सीधे निलंबित कर दिया जाएगा.

## भिवंडी मनपा आयुक्त अनमोल सागर के उत्कृष्ट कार्यों का शासन ने किया गौरव

# लातूर की तर्ज पर भिवंडी के विकास की आस

**भिवंडी.** लातूर जिला परिषद में कार्यकारी मुख्याधिकारी का शीर्ष पद सुशोभित कर चुके मनपा प्रशासक अनमोल सागर के कार्यकाल में मनरेगा स्कीम के तहत अंजाम दिए गए जनहित उत्कृष्ट कार्यों की बदौलत राजीव गांधी प्रशासकीय गतिमानता (प्रगति) अभियान एवं स्पर्धा 2024-25 के लिए राज्यस्तरीय पुरस्कारों में लातूर जिला परिषद द्वारा शुरू किया गया 'खेलो लातूर' को 'सर्वश्रेष्ठ कल्पना/उपक्रम' के तृतीय क्रमांक से नवाजा गया है. कुशल प्रतिभा के धनी आईएएस अधिकारी भिवंडी मनपा प्रशासक एवं आयुक्त अनमोल सागर द्वारा लातूर जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी के कार्यकाल के दौरान 'खेलो लातूर' नामक शुरू की गई नवाचार योजना के तहत मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) के माध्यम से विभिन्न



विद्यालयों में कम लागत में खेल मैदानों का निर्माण कर छात्रों को खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने का उत्कृष्ट कार्य अंजाम दिया गया है जिसकी प्रशंसा शासन स्तर पर हुई. लातूर में कार्यकाल के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों को शासन से पुरस्कृत होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भिवंडी मनपा आयुक्त अनमोल सागर ने कहा कि, भिवंडी में भी लातूर की तर्ज पर नवाचार योजनाओं को लागू करने का प्रयास किया जाएगा.

# शिवसेना (UBT) पदाधिकारी व कर्यकर्ता बैठक सम्पन्न

## सम्पर्क प्रमुख गुरुनाथ खोत व कल्याण जिल्हा प्रमुख धनंजय बोड़ारे ने राज्य सरकार को लताड़ा

**उल्हासनगर.** उद्धव बालासाहेब ठाकरे(शिवसेना)पक्ष की तरफ से कल उल्हासनगर कैम्प 4 के स्वामी शांती प्रकाश आश्रम मे विधानसभा 140, 141, 142 के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ का मार्गदर्शन आढावा बैठक सम्पन्न हुआ.प्रमुख मार्गदर्शन के रूप मे उपनेता व कल्याण लोकसभा सम्पर्क प्रमुख गुरुनाथ खोत जी उपस्थित थे.इस मेलावे मे कल्याण जिल्हा प्रमुख धनंजय बोड़ारे के सटीक प्रहार वाले भाषण से मानो शिवसैनिको मे एक नई ऊर्जा का संचार हो गया.

इस भव्य कार्यकर्ता मेलावे मे उपनेता व सम्पर्क प्रमुख गुरुनाथ खोत ने राज्य की सरकार पर जमकर प्रहार करते हुए कहा की एक तरफ बीजेपी नेता हिंदुत्व की बात करते है और दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रमजान माह मे सौगाते ए मोदी का गिफ्ट बाटकर दूय्यम भूमिका निभा रहे है. , कल्याण जिल्हा प्रमुख धनजय बोड़ारे ने बीड मे संतोष देशमुख की निर्मम हत्या मे राज्य के मंत्री धनंजय मुंडे का खासमखास कराड़ का सीधा इन्वालमेंट के बावजूद कई दिनों तक उसे बचाने का प्रयास मुंडे ने किया था.महाराष्ट्र मे महिलाओ व बच्चियों के साथ अन्याय अत्याचार हो रहा है और राज्य की कानून व्यवस्था लाचार बनी हुई है. जिल्हा संघटिका अंजली राउत ने महिलाओ को दिये जाने वाले 1500 रूपये पर तंत्र कस्ते हुए कहा की अब सरकार उन्ही महिलाओ से बीपीएल कार्ड, घर मे फ्रीज, ए.सी.की इंकवायरी कर 1500 देने की बात कर रही है.विधानसभा चुनाव जाते ही सरकार महिलाओ के साथ छलावा कर रही है.कार्यक्रम मे युवा सेना कल्याण जिल्हा अधिकारी भाऊ महातरे तथा करोतिया शिवसैनिको का मार्गदर्शन किया.

इस अवसर पर उप जिल्हा प्रमुख राजेंद्र साहू, भीमसेन मोरे, शहर प्रमुख कुलविन्दर सिंह बैस(बिंदर सेठ), शहर प्रमुख कैलाश तेजी, महारल शहर प्रमुख प्रकाश चौधरी, महिला जिल्हा संगठिका जया कैलाश तेजी, विधान सभा संगठिका, मंगला पाटिल, महारल शहर् संगठिका भावना ताई भारिम्बे, उपशहर संगठिका मनमीत कौर पिंकी भुल्लर, उपशहर प्रमुख दिलीप मिश्रा, शिवाजी जावले, साबले, शेखर यादव, राजू माने, भगवान मोहिते, राजन वेलकर, सुरेश पाटिल, कृष्णा पुजारी, युवा सेना शहर अधिकारी महेश फूँदे, विभाग प्रमुख सतीश शिंदे, दसरथ चौधरी, अवतार सिंह, आदिनाथ पालवे, अशोक जाधव, शिवाजी हावले, भास्कर शिंदे, संतोष यादव, उत्तर भारतीय सेल के मनोज तिवारी उपस्थित थे.इस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मेलावे मे शिंदे सेना सहित कांग्रेस छोड़कर सैकड़ो पदधिकारियो ने पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे मे अपनी आस्था दिखाते उपनेता गुरुनाथ खोत व कल्याण जिल्हा प्रमुख धनंजय बोड़ारे के नेतृत्व मे पक्ष प्रवेश किया.

### एक तेज रफ्तार बाइक के रेलिंग से टकराने से एक व्यक्ति की मौत

**मुंबई.** शिवड़ी के पास ईस्टर्न फ्रीवे पर एक तेज रफ्तार बाइक के रेलिंग से टकराने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान 26 वर्षीय नोमान खान के रूप में हुई है, जबकि घायल सवार का नाम अरबाज मोहम्मद अली खान (32) है। घटना के बाद शिवड़ी पुलिस ने बाइक सवार अरबाज के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के तहत लापरवाही और लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अरबाज तेज गति से दोपहिया वाहन चला रहा था .

# नवरात्रि उत्सव में गणपति पुले मंदिर की प्रतिकृति



### छत्रपति शिवाजी महाराज मैदान में आज से चैत्र नवरात्रि महोत्सव

**ठाणे.** चैत्र माह शुरू होते ही नए साल के स्वागत के साथ-साथ चैत्र नवरात्रि उत्सव में भी हर किसी की दिलचस्पी बढ़ जाती है।इस साल 30 वां साल है और हर साल की तरह कल से मासुंदा तालाब के पास छत्रपति शिवाजी महाराज मैदान में चैत्र नवरात्रि उत्सव शुरू होने जा रहा है।आनंद चैरिटेबल ट्रस्ट ने इस वर्ष के नवरात्रि समारोह के दौरान गणपतिपुले मंदिर की प्रतिकृति बनाई है।हिंदू नववर्ष के मौके पर शिव सेना के इस नवरात्रि उत्सव में भक्ति का सागर उमड़ेगा और रविवार को गुढ़ीपड़वा मनाया जाएगा।नवकुंडिय सहस्त्रचंडी महायज्ञ 30 मार्च से 6 अप्रैल रामनवमी तक संपन्न होगा। देवी का आगमन समारोह रविवार को है।30 मार्च को सुबह 10 बजे कलवा से ढोल नगाड़ों के 300 सदस्यीय टीम के साथ में देवी माँ को लेकर तैयारी है।साथ ही उध्दव सेना पार्टी के नेता पूर्व सांसद राजन विचारे ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पूरे ठाणे जिले से वारकरी, झांझ पार्टी, बैंड पार्टी, दंडपत्ता, महिला और पुरुष वैधानिक पहनावा, घुड़सवार के साथ में आगमन के लिए तैयारी हैं।

### कांदिवली इलाके में चलती कार में महिला से गैंगरेप

**मुंबई.** मुंबई के कांदिवली इलाके में गैंगरेप की सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां नशीला पदार्थ पिलाकर 30 साल की युवती से गैंगरेप किया गया. इस मामले में मुंबई की कांदिवली पुलिस ने गैंगरेप का केस दर्ज कर लिया और आरोपियों की तलाश में जुट गई है.

कांदिवली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक चलती कार में इस घटना को अंजाम दिया गया, पीड़ित महिला पुणे की रहने वाली है. सोशल मीडिया के माध्यम से एक आरोपी से पहचान हुआ. बताया जा रहा है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर महिला को मुंबई बुलाया और महिला के साथ एक होटल में रेप की वारदात को अंजाम दिया.

महिला का आरोप है कि कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया, महिला ने बताया आरोपी ने अपनी कार में मुझे बिठाया, जहां उस कार में पहले से ही अन्य तीन आरोपी मौजूद थे.

## एकेलर्स केयर कंपनी व मेकिंग द डिफरेंस संस्था द्वारा

# भिवंडी में लगाए गए 2350 वृक्ष



**भिवंडी.** समूचे देश में जंगल के विनाश के कारण पर्यावरण तेजी से बिगड रहा है. पर्यावरण की रक्षा के लिए शहर में ठोस जंगल की अवधारणा सामने आ रही है.भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका जापानी उद्यान तकनीक का उपयोग करके म्हाडा कालोनी के खाली जगह पर भिवंडी मनपा क्षेत्र में मियावाकी पार्क का निर्माण एकेलर्स केयर कंपनी के सहयोग से स्थापित किया जा रहा है. एकेलर्स केयर कंपनी के असिस्टेंट ऑफिसर दीपक शिर्के व मेकिंग द डिफरेंस के सचिव दीपक विश्वकर्मा सहित कंपनी के वालिंटियर ने स्वयं कार्य करते हुए 2350 वृक्षों का रोपण किया.

बता दें कि भिवंडी महानगर पालिका द्वारा बनाया जा रहा मियावाकी पार्क है.मनपा कमिश्नर अनमोल सागर ने एकेलर्स केयर कंपनी व मेकिंग द डिफरेंस सामाजिक संस्थाओं द्वारा इस पार्क के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की पहल किये जाने की सराहना करते हुए नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण की पहल करने की अपील की है.एकेलर्स केयर कंपनी के असिस्टेंट ऑफिसर दीपक शिर्के ने बताया कि हमारी कंपनी विभिन्न तरीके से सोशल सेवा करती आ रही है. गोकुल नगर म्हाडा कॉलोनी के खाली जगह पर जापानी उद्यान तकनीक का उपयोग करके भिवंडी मनपा क्षेत्र में मियावाकी पार्क का निर्माण किया जा रहा है.मेकिंग द डिफरेंस के सचिव ने बताया कि उनकी संस्था पर्यावरण को लेकर काफी जागरुक है जिसे गंभीरता से लेते हुए संस्था द्वारा तकरीबन 60 हजार से अधिक वृक्षों का रोपण महाराष्ट्र, राजस्थान एवं आंध्रप्रदेश राज्य में किया जा चुका है और देखरेख भी संस्था कर रही रही है. एकेलर्स केयर कंपनी व मेकिंग द डिफरेंस सामाजिक संस्था का एकमात्र उद्देश्य पर्यावरण को बचाना है जिसके तहत जापानी टेक्निक का इस्तेमाल कर मियावाकी पार्क का निर्माण करना है.

# भायंदर में ठाणे RTO की कड़क कार्रवाई

### रिक्शा, एंबुलेंस और दोपहिया जैसे 117 वाहनों से 6 लाख का जुर्माना वसूला गया

**ठाणे.** आरटीओ कार्यालय ने मीरा भायंदर मनपा क्षेत्र के अंतर्गत अधिक किराया वसूलने, यात्रियों को परेशान करने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले और अनियंत्रित ड्राइवरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की है।रिक्शा, दोपहिया वाहन, एम्बुलेंस और अन्य वाहनों सहित 119 वाहनों पर 6 लाख का जुर्माना लगाया गया है।बेलगाम वाहन चालकों पर लगाम कसने तक यह कार्रवाई जारी रहने से वाहन चालक सहमे हुए हैं।ठाणे आरटीओ विभाग को रिक्शा चालकों द्वारा यात्रियों से अत्यधिक किराया वसूलने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने की शिकायतें मिली।इस विषय को गंभीरता से लेते हुए आरटीओ अधिकारी हेमांगिनी पाटिल के मार्गदर्शन में विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है।सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रसाद नलावडे ने बताया कि 69 रिक्शा, 17 दोपहिया वाहन, 11 एम्बुलेंस आदि सहित 119 वाहन शामिल हैं।ठाणे आरटीओ कार्यालय की एक टीम ने भायंदर शहर के बालाजी नगर इलाके में यातायात में बाधा डालने वाले यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले पार्क किए गए रिक्शा और वाहनों की जांच करने के लिए एक अभियान चलाया। इस बार दोषी वाहनों पर 6 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।साथ ही रिक्शा स्टैंड पर सभी रिक्शा चालकों को रिक्शा को स्टैंड पर व्यवस्थित ढंग से व्यवस्थित करने के संबंध में निर्देश दिये गये। यह कार्रवाई मोटर वाहन निरीक्षक विजय सोलासे, प्रवीण खेडकर, नितिन जाधव, विनोद सुंदरानी, सम्राट कांबले, हरीश पवार और सहायक मोटर वाहन निरीक्षक अधिकारी ने किया।उप आरटीओ अधिकारी रोहित काटकर ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाते पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस जांच अभियान में रिक्शा चालक शराब के नशे में मिलने पर चालक या रिक्शा चालक द्वारा नियमों का उल्लंघन करने पर लाइसेंस रद्द कर दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।






# सड़कों की मरम्मत 15 मई तक पूर्ण करने के निर्देश

## महामार्ग, कापूरबावड़ी जंक्शन, घोड़बंदर रोड, गायमुख घाट पर चल रहे कार्यों का आयुक्त ने किया निरीक्षण

**ठाणे.** मनपा आयुक्त सौरभ राव ने शुक्रवार को मनपा, लोक निर्माण विभाग, मेट्रो, एमएमआरडीए के सभी कार्यो को मनपा क्षेत्र के अंतर्गत में चल रहे सभी सड़क के कार्यों को 15 मई तक पूरा करने का निर्देश दिया।इस समय अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोडे, मनपा अभियंता प्रशांत सोनगरा, पुलिस उपायुक्त (यातायात) पंकज शिरसाट, सहायक निदेशक शहरी नियोजन संग्राम कनाडे, एमएमआरडीए के अधीक्षण अभियंता विनय सुर्वे, मेट्रो के अधीक्षक अभियंता अभिजीत दिसीकर सहित संबंधित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद



थे।मानसून की तैयारी के लिए मनपा, लोक निर्माण विभाग, मेट्रो, एमएमआरडीए, महावितरण, यातायात पुलिस के साथ एक संयुक्त दौरा आयोजित किया गया था।इसमें कैडबरी जंक्शन से लेकर गायमुख तक के क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरे के दौरान ट्रैफिक जाम वाले सभी स्थानों और उसके समाधान के लिए किये जाने वाले उपायों पर चर्चा की गयी।मनपा आयुक्त सौरभ राव ने बताया कि सिस्टम को सड़क मरम्मत,कांक्रीटीकरण, नालों की सफाई, दो फ्लाईओवर के सभी काम 15 मई तक पूरा करने का निर्देश दिया गया है।साथ ही हर पंद्रह दिन में इन कार्यों का निरीक्षण किया जाएगा। यह भी निर्देश दिया गया है कि हर सिस्टम यह सुनिश्चित करे कि काम तय शेड्यूल के मुताबिक ही होगा।घोड़बंदर रोड मुद्दों को लेकर समन्वय बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाएगी।साथ ही शहर की आंतरिक सड़कों को भी व्यवस्थित करने और यह देखने को कहा गया है कि बारिश के मौसम में कहीं भी जलभराव के कारण ट्रैफिक जाम या असुविधा न हो।आयुक्त राव ने कहा कि स्टेशन को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करें।


## आम सूचना

मैं श्री परमेश्वर माधव चौहान सभी को सूचित कर रहा हूं कि दुकान, एच.एम. कंपनी गेट के पास, शिव रोड, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 07एआय017592700) उक्त प्रॉपर्टी श्री रत्तीपाल दिनदयाल यादव के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 28.3.2025 सी.नं. 1341/2024 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री परमेश्वर माधव चौहान**



**STAFF REQUIRED**

SINDHI MALE

Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT & For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED

CONTACT : MR. RAJESH Mob. No. : 9307579475


# सवाल पर इरिटेट हुईं पलक तिवारी

### बोलीं- हमेशा ऐसे क्यों बोलते हो आप?

बॉलीवुड एक्ट्रेस पलक तिवारी को जब मुंबई एयरपोर्ट पर पापाराजी ने अनन्या पांडे कहकर पुकारना शुरू किया तो वह इरिटेट गईं। एक्ट्रेस का एयरपोर्ट से यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। उन्हें बार-बार अनन्या पांडे का जिक्र आने पर परेशान होते देखा जा सकता है। पापाराजी विरल भयानी ने यह वीडियो अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया है जिसमें फोटोग्राफर पहले तो एक्ट्रेस से रुकने के लिए कहता है और फिर कई बार उनके एक ही सवाल पूछता है कि आपको पलक कहें या अनन्या कहें?



### पापाराजी के सवाल पर भड़कीं पलक

शुरू में तो पलक तिवारी ने पापाराजी की बात को नजरअंदाज किया लेकिन फिर बार-बार यही सवाल पूछे जाने पर अनन्या पांडे नाराज हो जाती हैं और बोलीं, ₹हमेशा ऐसे क्यों बोलते हो आप लोग?₹ एक्ट्रेस को नाराज होता देख एक फोटोग्राफर ने उनका मूड लाइट करने के लिए उनकी अपकमिंग फिल्म 'भूतनी' से जुड़ा सवाल किया। वर्क फ्रंट पर पलक जल्द ही फिल्म भूतनी में काम करती नजर आएंगी।

### संजय दत्त के साथ नजर आएंगी पलक

फिल्म की स्टार कास्ट में संजय दत्त, मौनी रॉय, सनी सिंह, आसिफ खान और बी-यूनिक जैसे नाम शामिल हैं। फिल्म 18 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसका ट्रेलर सलमान खान की सिकंदर के साथ 30 मार्च से थिएटर्स में दिखाया जाएगा। दिलचस्प बात यह है कि पलक तिवारी ने अपना बॉलीवुड डेब्यू सलमान खान की ही फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' मूवी के जरिए 2023 में किया था।


उल्हास वि NEWS LIVE — FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

Google Play

GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel — Subscribe

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक



Late Shri. ASHOK U. BODHA 18-02-1945 to 19-12-2017

उल्हास विकास — सब पे नजर, सबकी खबर — Since 1985

www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com

Chief Editor Hero Ashok Bodha L.L.B., BMM, MA (PS)


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099